माता-पिता और विद्यार्थियों के लिए जानकारी

इस फॉल के दौरान हमारा स्कूल स्वस्थ युवा सर्वे में हिस्सा लेगा।

यह सर्वे चोट के जोखिम, स्वास्थ्य परिणाम और शराब और ड्रग्स के सेवन के बारे में प्रश्न पूछता है। स्कूल और राज्य और स्थानीय एजेन्सियाँ हमारे युवाओं की सहायता करने और उनके जोखिम को कम करने के लिए सर्वे के परिणामों का इस्तेमाल करते हैं। स्वस्थ युवा सर्वे स्वैच्छिक और अनाम है और हमारे युवाओं की सेवा करने वाली नीतियों और कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

कृपया इस जानकारी को अपने विद्यार्थी के साथ साझा करें।
फिर सर्वे के बारे में बात करें और तय करें कि क्या आपका विद्यार्थी हिस्सा लेगा।

Q: सर्वे लेने को किससे कहा जाएगा?
A: पूरे वॉशिंग्टन राज्य के ग्रेड 6, 8, 10, और 12 के विद्यार्थियों और छोटे स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स में ग्रेड 7, 9 और 11 के विद्यार्थियों से।

Q: क्या यह सर्वे स्वैच्छिक है?
A: हाँ सर्वे ले रहे विद्यार्थी प्रश्न छोड़ सकते हैं और किसी भी समय सर्वे लेना बंद कर सकते हैं। अगर आप नहीं चाहते कि विद्यार्थी सर्वे में हिस्सा ले, तो आप स्कूल को अपने विद्यार्थी को क्षमा करने के लिए कॉल कर सकते हैं। विद्यार्थी अपने शिक्षक से भी कह सकते हैं कि वे सर्वे में हिस्सा लेना नहीं चाहते हैं। सर्वे में हिस्सा न ले रहे विद्यार्थी पढ़ाई करने या लाइब्रेरी में कुछ पढ़ने जैसी किसी अलग गतिविधि में हिस्सा लेंगे। सर्वे में हिस्सा न लेने के लिए कोई जुर्माना नहीं है। आपके विद्यार्थी के ग्रेड प्रभावित नहीं होंगे।

Q: सर्वे में कौनसे प्रश्न पूछे जाएंगे?
A: सर्वे में देशभर में और वॉशिंग्टन में किए जा रहे सर्वे में से प्रश्न आएंगे। माता-पिता या अभिभावक अपने स्कूल कार्यालय से संपर्क करके प्रश्नावली की प्रति देख सकते हैं या फिर प्रश्नों को www.askhys.net पर देख सकते हैं।

कुछ विषयों में शामिल हैं:

- जानकारी, जैसे कि आयु, लिंग, जाती और मूल वंश
- स्कूल और समुदाय के बारे में भावनाएं
- माता-पिता, दोस्तों और पड़ोसियों से संबंध
- खाने-पीने संबंधी आदतें, शारीरिक गतिविधि
- स्वास्थ्य शिक्षा
- तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के बारे में रवैया
- सुरक्षा से जुड़े व्यवहार और भावनाएं
- हिंसा से जुड़े व्यवहार
- लैंगिक पहचान (ग्रेड 6 और 7 के लिए वैकल्पिक और सरलीकृत संस्करण उपलब्ध*)
- यौन पसंद (ग्रेड 6 और 7 के लिए नहीं)
- यौन व्यवहार, दुर्व्यवहार और शोषण (ग्रेड 6 और 7 के लिए नहीं)

* स्कूल विशेष रूप से यह प्रश्न पूछने में शामिल होना न चुने, तो विद्यार्थियों से अपनी लैंगिक पहचान बताने को नहीं कहा जाएगा।

Q: विद्यार्थी की पहचान की सुरक्षा कैसे की जाती है?
A: HYS हमेशा स्वैच्छिक होता है और विद्यार्थी सर्वे पर अपने नाम नहीं लिखेंगे। किसी सर्वे को किसी विद्यार्थी से मिलाने के लिए कोई कोड या जानकारी नहीं है। स्कूल में से कोई भी उनके जवाब नहीं देखेगा। विद्यार्थी जब अपना सर्वे पूरे कर लें तो पूरे किए हुए सर्वे को गोपनीय रूप से सबमिट करेंगे।

अगर विद्यार्थियों के उत्तरों तक अनधिकृत पहुँच हो, तो हो सकता है कि कोई स्कूल, ग्रेड, और जाति/मूलवंश जैसी जानकारी का इस्तेमाल करते हुए किसी विशेष विद्यार्थी की पहचान करने का प्रयास करे। तथापि, हम गोपनीयता को बहुत गंभीरता से लेते हैं और विद्यार्थियों के उत्तरों तक अनधिकृत पहुँच को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सर्वे में इकट्ठा की गई संवेदनशील जानकारी अनाम रहे, कई कदमों को इस्तेमाल करते हैं। आप और जानकारी यहाँ पा सकते हैं:
https://www.askhys.net/HYS/HYSInformation

Q: सर्वे के परिणामों का उपयोग कैसे किया जाता है?
A: स्कूल, स्कूल डिस्ट्रिक्ट, काउंटी और राज्य एजेन्सियाँ परिणामों का उपयोग हमारे विद्यार्थियों को समझने और उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करे के लिए करते हैं। परिणामों का उपयोग कार्यक्रों का आयोजन, मूल्यांकन और उनमें सुधार करने और उनकी सहायता करने के लिए पैसे पाने के लिए किया जाता है अनाम डेटा को स्थानीय स्वास्थ्य विभागों, ट्राइबल एपिडेमियोलॉजी सेंटर (जनजातीय महामारी विज्ञान केन्द्रों) और स्वीकृति प्राप्त शोधकर्ताओं से साझा किया जाएगा।

और जानकारी की ज़रूरत है?
अगर इस सर्वे के उद्देश्य या सर्वे की प्रक्रियाओं के बारे में आपके कोई प्रश्न हों, तो:

- इस नंबर पर टॉल-फ्री कॉल करें 1-877-HYS-7111
- इस पते पर ईमेल भेजें healthy.youth@doh.wa.gov

स्वस्थ युवा सर्वे के बारे में जानकारी यहाँ पाई जा सकती है:
www.AskHYS.net

वॉशिंग्टन स्टेट इन्स्टिट्यूशनल रिव्यू बोर्ड (संस्थागत समीक्षा बोर्ड) ने इस पत्र में वर्णित स्वस्थ युवा सर्वे प्रक्रियाओं को स्वीकृति दी है। अगर आपका मानना है कि इन प्रक्रियाओं का अनुसरण नहीं किया गया है, तो कृपया 1-800-583-8488 पर कॉल करें। आपको अपना नाम बताने की ज़रूरत नहीं है। सभी संदेशों का जवाब दिया जाएगा।

विद्यार्थी 2002 से स्वस्थ युवा सर्वे ले रहे हैं। विद्यार्थियों की संख्या कुछ हज़ार से बढ़ कर 230,000 प्रति वर्ष हो गई है!

इस जानकारी की समीक्षा करने और अपने विद्यार्थी से बात करने के लिए धन्यवाद*!*

स्वस्थ युवा सर्वे इन राज्य एजेन्सियों द्वारा प्रायोजित है*:* स्वास्थ्य देखभाल प्राधिकरण *(Health Care Authority)* - व्यवहारिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य लाभ संभाग *(Division of Behavioral Health and Recovery)*, स्वास्थ्य विभाग *(Department of Health)*, सार्वजनिक शिक्षा सुप्रिन्टेंडेंट का कार्यालय *(Office of the Superintendent of Public Instruction)*, और शराब एवं कैनेबी बोर्ड *(Liquor and Cannabis Board)*।